तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

14 विनम्रता से हर कार्य सिद्ध होता है, विनम्र बने- संत श्री निरंजन...



13 ग्रामीण साहू समाज में नई कार्यकारिणी का गठन





## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से कार सवार 3 युवक घायल

**बालोद।** कार में जा रहे तीन दोस्तो को हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे कार में बैठे तीनों युवक घायल हो गए। जिसके बाद घायल युवक ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रं. 23 दल्लीराजहरा निवासी राकेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर को मैं अपने वाहन कार क्रं. सीजी 04 एचवी 5545 से चंद्रपाल सोई एवं मनदीप सोई को वाहन कार में बिठाकर दुर्ग से दल्लीराजहरा जा रहे थे तभी गुण्डरदेही पेट्रोल पंप के पास हाईवा क्रं. सीजी 07 बीके 9177 के चालक द्वारा अपने वाहन को खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर वाहन कार सीजी 04 एचवी 5545 को साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरे पैर तथा वाहन में सवार चंद्रपाल सोई के चेहरा, नाक, व सिर में तथा मनदीप सोई के बाये हाथ में चोंट आया है।

### 85 लाख के गबन के मामले में एक और हुआ गिरफ्तार



**भिलाई।** किसानों के लोन रकम को वसूली कर बैंक कर्मियों ने अपने उपयोग में लाकर जमा नहीं कर गबन करने के मामले में दसवां आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख की शिकायत पर चिनौरी जिला कांकेर निवासी हरिश पोया को गिरफ्तार किया गया है। अब तक गबन मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गौरतलब हो की ग्राम चन्द्रखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 उपभोक्ताओं से बैंक का लोन वसूल कर उसे जमा न कर स्वयं के उपयोग में लाया। करीब आरोपियों ने 85 लाख रुपए का है। जब लोन को नोटिस किसानों के पास आया तो तब गबन का खुलासा हो पाया।

### चाकूबाज और नशाखोरों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 10 हजार तक का इनाम

**भिलाई।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने अनोखी पहल की है। उन्होंने दुर्ग जिले में युवकों के बीच लोगों को डराने धमकाने, दहशतगर्दी, चाकूबाजी और मारपीट जैसी वारदातों के पीछे हथियार और सूखे नशे के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए गुप्त शिकायत पेटी विधायक कार्यालय में लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति चाकूबाद, संदिग्ध व्यक्तियों, नशाखोरी और आपराधिक कृत्य करने वालों की जानकारी दे सकता है। ऐसे लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ ही आरोपी के पकड़े जाने पर 1 हजार रुपए से 10 हजार रुपए तक का इनाम दिया जाएगा। बतां दें कि जिले में पिछले कुछ समय में अपराधों का ग्राफ बढ़ा है। इसके बाद यह निर्णय लिया गया।

### सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट करने वाले पकड़ में

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ पोस्ट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चाकूबाज गुंडा व निगरानी बदमाश ऑनलाइन अमेजॉन फ्लिपकार्ट , मीशो कंपनी के माध्यम से घातक हथियार मंगाकर अपने साथ फोटो खींचाकर वायरल करने वाले पुलगांव 2, मोहन नगर 1, खुर्सीपार 7 आरोपी शेख अलराज, रवि विश्वकर्मा, अरबाज अली, एस वामसी राव, आसिफ अली, अवनीश, मोहित बंजारे पकड़ा गया।

# ‘हर बालिका राष्ट्र की पूंजी’ थीम पर हुई बाल दिवस कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत “बाल दिवस” के उपलक्ष्य पर अभिव्यक्ति कार्यक्रम में जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हनोदा, दुर्ग में “हर बालिका राष्ट्र की पूंजी” कार्यक्रम का आयोजन 11 नवंबर को किया गया।

इस कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक अम्ब्रेला योजना है जिसके अंर्तगत महिलाओं को एक ही छत के नीचे मुख्य रुप से पांच प्रकार सुविधाएं मुहैया कराई जाती है, ये सुविधाएं है- आश्रय, परामर्श, चिकित्सा, विधिक सहायता व पुलिस की सहायता। इस कार्यक्रम में विभागीय जानकारी जैसे, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया कि किसी भी संकटग्रस्त एवं संदिग्ध बच्चे की सहायता हेतु इस टोल फ्री नंबर का उपयोग किया जा सकता है। पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी। स्कूली बालिकाओं के बीच “परिवार में बेटियों के अधिकार” हुं। थीम के अनुरुप निबंध प्रतियोगिता, लघु भाषण प्रतियोगिता एवं कविता वाचन प्रतियोगिता रखी गई।

## बेटियों के अधिकार और समानता पर विद्यार्थियों ने रखे सार्थक विचार



### बच्चों ने स्पर्धा के माध्यम से बताए अपने अधिकारी

प्रतियोगिता में बच्चों ने रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वयं के अधिकार, समाजिक कुरीतियों जैसे- लिंग भेदभाव, समान शिक्षा का अधिकार, पैतृक संपति में बेटियों का अधिकार जैसे अहम मुद्दो पर अपने विचार उपरोक्त प्रतियोगिताओं के माध्यम से साझा किए। इसके साथ ही भविष्य में समाज के साथ कदम से कदम मिला कर चलने की कही। विभाग की टीम व अपने गुरुजनों के समक्ष भविष्य के प्रति अपनी संकल्पनाओ को पूरे आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त किया। भाषण, कविता व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को पुरस्कृत किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में शाला प्राचार्य सुभाषिणी झा, शिक्षकगण, व विभाग के विभागीय कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर सोसायटी परिसर किया समतल, अब चालू न होने पर नाराजगी

# धान खरीदी केंद्र शुरू न होने से किसानों में रोष एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

शासन प्रशासन द्वारा डोंडी विकासखंड के सोसायटी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चिखली और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित ठेमाबुजुर्ग नवीन सोसायटी बनाए जाने की घोषणा के बाद ग्रामीणों ने लाखो रुपए खर्च कर सोसायटी परिसर व धान खरीदी केंद्र हेतु चयनित स्थल को समतलीकरण तो कर दिया। किंतु इस सत्र से उनके सोसायटी व धान खरीदी केंद्र चालू नही होने की जानकारी मिलने पर किसानों ने शासन प्रशासन के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग को लेकर 15 नवंबर शनिवार को सुबह 9.30 बजे मुख्य मार्ग डोंडी दल्ली मुख्य मार्ग के गोटुलमुंडा (चिखली मोड़)के पास चक्काजाम करने का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी को सौपा है।

डोंडी विकासखंड के ग्राम चिखली में नवीन सोसायटी खुलने को लेकर ग्राम चिखली सहित गोटुलमुंडा, नर्राटोला व बोरगांव व ग्राम ठेमाबुजुर्ग में नवीन सोसायटी को लेकर ग्राम ठेमा बुजुर्ग सहित ठेमाखुर्द, घोरदा , होदेकसा , भीमाटोला,गंगोलीडीह के किसानों ने खुशियां मनाकर छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया था, किंतु उक्त ग्राम के किसानों की खुशी अधिक दिन नही रह पाई जब उन्हें जानकारी मिली की उक्त सत्र में ना तो नवीन सोसायटी का और ना ही धान खरीदी चालू होगी। ग्राम चिखली में सोसायटी परिसर सहित धान खरीदी केंद्र हेतु स्थल चयन कर उसे समतलीकरण कराने व धान खरीदी इसी सत्र में चालू करने के निर्देश पर ग्रामीण किसान चंदा इकठ्ठा कर चयनित स्थल को साफ सफाई व समतलीकरण कराने श्रमदान भी किया ,उनकी खुशी व सोसायटी परिसर हेतु की गई मेहनत का फल फीका पड़ गया जब उन्हें जानकारी मिली की इस सत्र से ग्राम चिखली में नवीन सोसायटी व धान खरीदी चालू नही होगी ,सोसायटी आगामी सत्र में चालू होगा ,जानकारी मिलते ही किसानों में शासन प्रशासन के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि आगामी सत्र में सोसायटी खोलना था तो हमे सपना क्यों दिखाया गया,सोसायटी परिसर हेतु चयनित जगह का साफ सफाई व समतलीकरण हेतु क्यों निर्देश किया गया। ग्राम चिखली सहित गोटुलमुंडा, नर्राटोला,बोरगांव, ठेमा बुजुर्ग ठेमाखुर्द, घोरदा, होदेकसा, भीमाटोला ,गंगोलीडीह पंचायत प्रतिनिधि ,किसानों ने ग्राम चिखली में बैठक आयोजित कर शासन प्रशासन के द्वारा नवीन सोसायटी का सब्जबाग दिखाकर अब सोसायटी सहित धान खरीदी आगामी सत्र में चालू करने के निर्देश का पुरजोर विरोध करते हुए चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।



### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर रमऊ राम भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिखली,हिंसाराम चिराम सरपंच ग्राम पंचायत नर्राटोला, देवकीबाई कोटपरिया सरपंच ग्राम पंचायत बोरगांव, जितेंद्र कोठारी सरपंच ठेमा बुजुर्ग, जनपद सदस्य ,जागेश्वर पटेल (ग्राम पटेल चिखली), पुरषोत्तम रावते (ग्राम पटेल बोरगांव), निर्भयराम (ग्राम पटेल नर्राटोला), चेतनलाल साहू,बहुरसिंह ,जयनंदा,रोहित लेडिया,लोकमान्य साहू, निर्भयराम रावते,बनवाली मंडावी, बुधारू कोसरे, कृष्णा तारम, बाबूलाल साहू,बिहारीराम बघेल, दुलार ठाकुर, मंथरदास मानिकपुरी सहित चारो ग्राम के किसान उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने गैस टंकी से पिता पर किया वार, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बहन को बाहर काम पर भेजने से नाराज था युवक

बहन को काम करने के लिए बाहर भेजने से नाराज युवक ने अपने माता पिता व भाई पर हमला कर दिया। जिससे सभी घायल हो गए। जिसके बाद पिता ने अपने बड़े बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम भेजा मैदानी निवासी जगत राम साहू ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर को रात्रि 08 बजे मैं और मेरी पत्नी खेमीन बाई और बड़ा लड़का महेन्द्र साहू घर पर थे, उसी समय मेरा बड़ा लडका महेन्द्र साहू मेरी पत्नी को बोला कि मेरी बहन वेदिका साहू को क्यों काम करने के लिए रायपुर भेज दिये हो कहकर मुझे व मेरी पत्नी को गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर घर में रखे छोटा गैस के खाली टंकी से मेरे छाती को ठोकर मारकर दांत से मेरे दाड़ी के पास कांटा और मेरी पत्नी के दाहिने हाथ के कलाई के पास दांत से कांट दिया। लड़ाई झगड़ा के आवाज को सुनकर मेरा छोटा लड़का मोतीलाल साहू, भगत राम साहू और हेमलाल साहू घर आया और बीच बचाव करने लगे तो मेरा छोटा लड़का मोतीलाल साहू को महेन्द्र साहू ने उसके बायां हाथ के छोटी उंगली को दांत से कांट दिया।

## स्कूटी की ठोकर स्कूली बच्चे घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** स्कूल से पढ़ाई कर वापस आ रही बच्चीयों को स्कूटी ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद परिजन ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम सिर्राभाठा निवासी रघुबर ठाकुर पिता पन्नालाल ठाकुर 75 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर को मेरे नतनीन टामेश्वरी ठाकुर जो कक्षा नवमी में पढती है जो स्कुल से पढने सहेली कुसुमलता के साथ पढकर घर आ रही थी, तभी हल्दी के साहू सामुदायिक भवन के सामने हल्दी सिर्राभाठा के सड़क मार्ग पर स्कुटी एक्टिवा क्र. सीजी 24 एम 1100 के चालक ने तेज व लापरवाही पुर्वक स्कुटी चलाकर मेरी नतनीन तामेश्वरी ठाकुर एवं उसकी सहेली कुसुमलता को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से मेरी नतनीन व उसकी सहेली कुसुमलता को सिर, हांथ, पैर में चोंट लगी है।

## सोहपुर के निर्माणाधीन पानी टंकी में भारी खामियां, विधायक संगीता ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोहपुर मे

- निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग पर नाराज हुईं विधायक

ग्रामीणों के शिकायत पर निर्माणधीन पानी टंकी का निरिक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माणधीन पानी टंकी मे गुणवत्ता को ताक में रखकर कार्य किया जा रहा है, निर्माण मे कम एवं गुणवत्ता हीन मटेरियल का उपयोग किया गया। सीढ़ी अभी से जर्जर स्थिति मे है, टंकी मे अभी से सिपेज़ होने लगा है और सप्लाई के लिए बिछाए गए पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त है। इस पर विधायक संगीता सिन्हा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित पीएचई विभाग के इंजिनियर एवं अन्य अधिकारियो को जमकर फटकार लगाई और निर्देश दिया की 10 दिन के अंदर सभी अपूर्ण कार्य पूर्ण कर सभी घरों मे पानी की सप्लाई अतिशीघ्र करें। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दूरगु राम सिन्हा, जोन अध्यक्ष यशवंत पूरी गोस्वामी, मनोज सिन्हा, सरपंच हकिमचंद, बूथ अध्यक्ष सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## कलेक्टर मिश्रा ने की धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

- धान खरीदी केन्द्रों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए जरूरी निर्देश

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं सहकारी समितियों के प्राधिकृतअधिकारियों से जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान के विक्रय हेतु आने वाले किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक एवं छांव इत्यादि व्यवस्था के अलावा शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान के नाप–तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा बाट, आर्द्रता मापी यंत्र, इंटरनेट की समुचित उपलब्धता, चालू हालत में कम्प्यूटर सेट एवं यूपीएस एवं जनरेटर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी धान खरीदी केन्द्रों में बारदानों में लगाए जाने वाले स्टेनशील की व्यवस्था, उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की उलपब्धता, दीमक रोधी दवाइयां, रंग एवं समुचित मात्र में सुतली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। मिश्रा ने धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु इस कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण, पर्याप्त संख्या में हमालों की व्यवस्था, डनेज हेतु फ्लाई ऐश/सीमेंट ब्लाक की व्यवस्था, प्लास्टिक बैग एवं धान की भूसी एवं प्राथमिक उपचार की पेटी आदि सभी जरूरी सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना अंतर्गत धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। लेकिन 15 नवंबर को शनिवार एवं 16 नवंबर को रविवार अवकाश होने के कारण 17 नवंबर से धान खरीदी का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा।



## जिले को मिले लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्य में प्रगति लाने के संबंध में आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता एसके बंड एवं छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों, बैंकर्स एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को इस योजना का समुचित प्रचार–प्रसार कर इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के घरों के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों के छतों में भी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के निर्देश दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री एसके बंड ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत कुल 12 हजार घरेलु विद्युत कनेक्शन उपभोगताओं के घरों के छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

जिसके विरूद्ध बालोद जिले में अब तक कुल 04 हजार 767 घरेलु उपभोगताओं द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपने घरों के छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी उपभोगताओं के घरों में शीघ्र ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की कार्रवाई विभाग के द्वारा की जा रही है।



BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप



### स्टेशन के विस्तार के नाम पर तितुतरीड के रहवासियों को नोटिस

**दुर्ग ।** तितुरडीह मोहल्ले को तोड़ने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है। इस क्षेत्र में 150 से ज्यादा परिवार निवासरत हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने मंत्री गजेंद्र यादव और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ भी शिकायत की गई। लोगों ने कहा कि ववे पिछले 70 से 80 सालों से लोग तितुरडीह मोहल्ले में निवास कर रहे हैं। यहां लोग रोजी मजदूरी और महिलाएं लोगों के घर जाकर काम करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। बच्चों को बहुत मुश्किल से पढ़ा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में 6 नवंबर को मोहल्ले में रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। कहा गयाा है कि मोहल्ले को तीन दिन के भीतर खाली कर दिया जाए, नहीं तो रेलवे द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इतने वर्षों से रह रहे लोगों को एक झटके में रेलवे प्रशासन द्वारा हटाने का काम किया जा रहा है।। यह आम गरीब लोग अब सड़क पर आने को मजबूर है। लोगों ने विस्थापन की मांग की है। परिवार के आधार पर घर दिलाने, 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की गई है।

### विद्यार्थियों के आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान निरंतर जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य तेजी से जारी है। इस अभियान के तहत स्कूलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक एवं आधार संबंधी अद्यतन कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 19745 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेशन, 3104 बच्चों का आधार अपडेशन तथा 18 विद्यार्थियों का नया आधार निर्माण किया जा चुका है।

# पिछले साल की खरीदी के बचे धान का तत्काल कराएं उठाव : कलेक्टर

## धान उपार्जन एवं मिलिंग तैयारी की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शअभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिले में धान उपार्जन, मिलिंग, चावल भंडारण की तैयारी एवं खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राईस मिल पंजीयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित विभागों एवं राईस मिलर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपार्जन से लेकर चावल भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मिल संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कस्टम मिलिंग कार्य में कोई विलंब न हो।

धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी उपार्जन समितियों को बारदाना (बोरी) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। संबंधित अधिकारी खरीदी शुरू होने से पूर्व सभी संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पिछले वर्ष के उपार्जन सीजन से संग्रहण केंद्रों में बचे हुए धान के उठाव का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि नए सीजन की खरीदी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।



### न हो बारदाना की कमी

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी संग्रहण केंद्रों में समय पर बारदाना पहुंच जाए और पिछले सत्र का पूरा धान उठाव हो जाए, इसके बाद ही खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सकेगा। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए। चावल परिवहन के लिए रैक मूवमेंट की समीक्षा की गई। समितियों में पुराने बारदानों की स्थिति का मूल्यांकन कर नए बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी उपार्जन एवं संग्रहण केन्द्रों में मरम्मत, सफाई और प्रारंभिक तैयारी कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया ताकि खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सके। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री अनुराग भदौरिया, राईस मिल संचालक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर : संभाग आयुक्त और दुर्ग कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# मतदाताओं को दिया जा रहा दो की जगह एक प्रपत्र, 2003 का रिकार्ड भी नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर 4 नवंबर से शुरू हुआ अभियान मतदाताओं के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। निर्वाचन आयोग के बीएलओ घर-घर तो पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सही और स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सिर्फ एक प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इसे भरकर जरूरी दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें, वे दो दिन बाद आकर इस प्रारूप को ले जाएंगे।

अब मतदाता 2003 की जानकारी को लेकर खासा परेशान हो रहा है। इसमें कई मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम 2003 में जुड़े नहीं थे। उनके पिता, मां या अन्य की मौत हो चुकी है। कुछ मामलों में महिला शादी करके आई हैं, उनके पास उनकी पुरानी मतदाता सूची ही नहीं है। कुछ लोगों ने अपना घर ही बदल दिया है, कुछ ऐसे हैं जिनके नाम से हर बार एक नया इपिक नंबर जारी हो गया है। ऐसे सारे मामलों में संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। इसकी जानकारी मतदाताओं को नहीं मिल पा रही है। सर्वे के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है। एक ही जगह पर मतदाताओं को बुलाकर घंटों बैठालकर रखा जा रहा है। प्रारूप भी दो के बजाए एक ही दिया जा रहा है। बुधवार को एसआईआर को लेकर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अलग-अलग जगहों पर निरीक्षण किया। लोगों से जानकारी ली।

## लापरवाही बरतने वाला बीएलओ निलंबित

### कलेक्टर पहुंचे कसारीडीह और पोटिया, मतदाताओं से बातकर ली जानकारी

कलेक्टर ने बुधवार को दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों में गणना प्रपत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच एवं निरीक्षण किया। वार्ड 46 के मतदान केंद्र 188, पोटिया कला वार्ड 54 के मतदान केंद्र 195, कोस्टा पारा वार्ड 56 के मतदान केंद्र 5 एवं 6 तथा नया पारा वार्ड 2 के मतदान केंद्र 108 में पहुंचकर बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाताओं को गणना पत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच ली। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर एवं उपस्थित पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निर्वाचकों/मतदाताओं उनके निवास स्थल जाकर रू-ब-रू होकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन के संदर्भ में चर्चा की एवं मतदाताओं को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र में दर्ज था। उसे वोटर सर्विस पोर्टल या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है। गणना पत्र फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को वापस करें। इसके लिए 4 दिसंबर तक मौका है। दो रंगीन फोटो भी बीएलओ के पास जमा कराएं।



### बीएलओ द्वारा लापरवाही बरते जाने पर किया निलंबन

डीईओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने शन्तानू कुमार मरकाम सहायक शिक्षक एलबी को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 09 (1)(क) के तहत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। शन्तानू मरकाम शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 11 भिलाई की ड्यूटी निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण में बीएलओ के तौर पर बीएसपी कन्या विद्यालय सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई में लगाई थी। 7 नवंबर से वे अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं। लगातार दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा किसी का भी प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। उनके घर पर बाहर से तालाबंद होना पाया गया। उनका यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बिना सूचना कार्य से अनुपस्थित होना तथा उच्च कार्यालय के निर्देशों का स्पष्ट अवहेलना है। निलंबन अवधि में डीईओ कार्यालय में अटैच रहेंगे।

### संभागायुक्त के आवास पर बीएलओ पहुंचे गणना पत्रक वितरण करने



बीएलओ बुधवार को संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल ऑफिसर ने उनके घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया। राठौर का नाम विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर 64 के मतदान केन्द्र क्रमांक 177 के सरल क्रमांक 546 में दर्ज है। राठौर ने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस कार्य में सभी निर्वाचक बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र के कोई भी पात्र मतदाता इस कार्य से वंचित न हो। एसआईआर कार्यक्रम के दौरान नाम जोड़ने, काटने तथा संशोधन हेतु भी निर्धारित प्रारूप में आवेदन बी.एल.ओ. को दे सकते हैं। संभागायुक्त श्री राठौर को गणना पत्रक वितरण के दौरान, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तम ध्रुव और प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, बूथ लेवल ऑफिसर श्रेयस ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## दिल्ली में हुए ब्लास्ट के विरोध में शहीद चौक में फूंका आतंकियों का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दिल्ली लाल किले के समीप बम धमाके के विरोध में बुधवार को शहीद चौक में आतंकियों का पुतला फूंका गया।

छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने इस दौरान जमकर नाराजगी व्यक्त की। मौन रखकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सह संयोजक रवि निगम ने बताया कि घटना कायरतापूर्ण है। बॉर्डर पर भारत की दमदार सेना की वजह से बौखलाए हैं। जिहादी आतंकवादी हमारे लोगों को मारना चाह रहे हैं।विरोध प्रदर्शन के दौरान अजय सेन, इंद्रजीत गोस्वामी, रवि भारती, प्रिंस राजपूत, कमल साव, ईश्वर गुप्ता, पुष्पराज, रोहित सिंह, मनोज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कैरियर काउंसिलिंग संबंधी कार्यशाला का आयोजन 18 नवम्बर को प्रातः 11 से 1 बजे तक किया जाएगा। ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (जिका) द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्रिएटिव एवं डिजिटल उद्योगों के वीएफएक्स, एनीमेशन, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के संबंध में जागरूकता फैलाना है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उक्त उद्योगों से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसर, उनकी व्यापकता एवं आवश्यक कुशलता के संबंध में विशेष महत्वपूर्ण जानकारी देकर युवाओं का मार्गदर्शन किया जायेगा ताकि वर्तमान समय में रोजगार बाजार के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों से इस पीढ़ी के युवा लाभान्वित हो सके।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (जिका) एक ऐसी संस्था है जो मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में कुशल व्यवसायियों को प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार करती है।

## जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रास सोसायटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- आगामी कार्यों एवं योजनाओं पर चर्चा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा द्वारा जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जिला दुर्ग की बैठक का आयोजन विगत दिवस टेलीमेडिसीन कक्ष जिला चिकित्सालय दुर्ग में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता, जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग के चेयरमैन डॉ. शरद पाटणकर के द्वारा की गई। बैठक में डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग तथा डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, नोडल अधिकारी इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग उपस्थित रहे। जिला प्रबंध समिति की बैठक में रेडक्रास सोसायटी के आगामी कार्यों एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से इंडियन रेडक्रास सोसायटी का बैंक खाता संचालक, इंडियन रेडक्रास सोसायटी के भवन में फ्लैक्स लगाने, जिला प्रबंध समिति के उपसमितियों के कार्य, ब्लड बैंक डायरेक्टरी बनाने, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कराने, वृद्धाश्रम, ब्लड बैंक एवं मर्च्युरी में उपसमितियों के प्रमुख एवं सदस्यों के नाम का बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद वाघ, प्रबंध कारिणी सदस्य अरविंद सुराना, विजय ताम्रकार आदि मौजूद थे।



## दुर्ग में अपराधियों का राज, पुलिसिंग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दुर्ग जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। जानकारी दी गई कि है कि पिछले डेढ़ महीने में 17 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। इनमें सात जघन्य हत्याएं शामिल हैं। कहीं लोगों को घर से बाहर घसीटकर मारा गया, तो कहीं दरवाजे तोड़कर धारदार हथियारों से हमला किया गया। आरोपी खुलेआम मोहल्लों में उत्पात मचाते रहे और पुलिस कहीं दिखाई नहीं दी। शहर की सड़कों पर अब कानून नहीं डर का शासन चल रहा है। हत्या, लूट, चोरी, डकैती और नशाखोरी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। रात में खुलेआम शराबखोरी और गुंडागर्दी की महफिलें सज रही हैं, जबकि पुलिस हेलमेट चेकिंग में व्यस्त है। जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। युवा कांग्रेस नेता दीप सारस्वत ने कहा कि दुर्ग में प्रशासन पूरी तरह ठप है। गृहमंत्री विजय शर्मा जनता की सुरक्षा देखने के बजाय अडाणी के लिए जंगल साफ़ कराने में व्यस्त हैं। जब मंत्री अपराधियों पर कार्रवाई छोड़ पूंजीपतियों के ठेके पूरे करने में लगें, तो जनता की जान की कीमत कौन चुकाएगा।

## दुर्ग-पाटन में किसानों की जमीन पर हो रहा अनाधिकृत सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- भूमि अधिग्रहण में मनमानी के विरोध में किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल परियोजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के पुरई, पाऊवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी, कोड़िया, घघुसीडीह, खोपली सहित दुर्ग एवं पाटन ब्लॉक के अन्य गांवों की जमीन अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों ने बुधवार को दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने मुख्य रूप से प्रति हेक्टेयर दर पर मुआवजा निर्धारण, भू-विस्थापितों को रेलवे विभाग में स्थायी नौकरी दिए जाने, विस्तृत पुनर्वास पैकेज तथा वैधानिक प्रावधानों को लागू करने की पुरजोर मांग की। किसानों ने इस बात पर गहरा संशय व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहली बार जमीन का मुआवजा प्रति हेक्टेयर दर से देने का जो प्रावधान किया जा रहा है, वह छोटे भू-स्वामियों के लिए अन्यायपूर्ण है। इससे उन्हें वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में कम कीमत मिलेगी। मुआवजा केवल प्रति हेक्टेयर दर के आधार पर सीमित न किया जाए। कलेक्टर द्वारा धारा 26 के अनुसार, प्रत्येक खसरा के वास्तविक तथा आसपास मौजूद आवास एवं उद्योग के उपयोग को ध्यान में रखकर बाजार मूल्य निर्धारित किया जाए। धारा 30 के अनुसार 2 गुना तक का लाभ अनिवार्य रूप से दिया जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में मोहन लाल साहू, नरेंद्र राजपूत, बंटी, प्रदीप देशमुख, उमेश साहू, मलेश निषाद, बीरेंद्र, क्षत्रपाल साहू, थामेश साहू, चिंतामणि गजपाल, दिनेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।



### भू-विस्थापितों को रेलवे में स्थाई नौकरी देने की मांग

किसानों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि जिस किसान की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उसके परिवार के एक सदस्य को उनकी योग्यता के आधार पर रेलवे विभाग में स्थायी नौकरी दी जाए। श्री राकेश ठाकुर एवं देवेंद्र देशमुख जी ने बताया कि पहले रेलवे में भूमि अधिग्रहण के बदले नौकरी देने का नियम था, जिसे बहाल किया जाना चाहिए। ज्ञापन में कलेक्टर को यह भी कहा गया कि मोनार्क पुणे महाराष्ट्र नामक निजी कंपनी द्वारा किसानों की अनुमति के बिना और अधिकारियों की अनुपस्थिति में उनकी निजी कृषि भूमि में अनाधिकृत प्रवेश कर के अवैध सर्वेक्षण किया जा रहा है। बांस के खंभे गाड़े जा रहे हैं। इसकी शिकायत उतई थाने में की गई है।

## मनरेगा ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनने का दे रहा अवसर

# मनरेगा में ग्रामीणों को रोजगार के लिए मिल रहा लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- पक्का पशु शेड निर्माण के लिए मिले 95 हजार

ग्राम पंचायत रौंदा, जनपद पंचायत धमधा के निवासी हिरेंद्र वर्मा पहले अपने मवेशियों को एक अस्थायी छप्पर में रखते थे। बरसात और गर्मी में पशुओं की देखभाल में काफी कठिनाइयां आती थीं, जिससे दुग्ध उत्पादन भी सीमित रह जाता था। लेकिन जब उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पक्का पशु शेड निर्माण के लिए आवेदन किया, तो यह उनके जीवन का नया अध्याय साबित हुआ। ग्राम सभा की अनुशंसा पर 95 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई और ग्राम पंचायत रौंदा के माध्यम से यह निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।

### मजदूर बनकर कमाए रुपए

इस कार्य में श्री वर्मा ने स्वयं श्रमिक के रूप में काम किया और 11 हजार रूपए का पारिश्रमिक अर्जित किया। निर्माण कार्य की देखरेख हिरेंद्र साहू द्वारा की गई। पशु शेड बनने के बाद आज श्री वर्मा के पास तीन दुग्धारू भैंस, गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन 5 लीटर से अधिक दूध का उत्पादन होता है। दूध बेचकर वे हर महीने 5 से 6 हजार रूपए तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं।



### अब मवेशियों की देखभाल होती है अच्छी

हिरेंद्र वर्मा बताते हैं कि पहले रोजगार की चिंता रहती थी, पर अब दूध बेचकर हर महीने अच्छी आमदनी हो जाती है। पशु शेड बनने से मवेशियों की देखभाल भी सुगम हो गई है। मनरेगा योजना के अंतर्गत बना यह पक्का पशु शेड न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिरता का आधार बना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर कर रहा है। आज हिरेंद्र वर्मा का परिवार अपने परिश्रम और मनरेगा योजना के सहयोग से एक प्रेरणास्रोत बन चुका है।

## पॉवरग्रिड से प्रभावित किसानों को दिया गया मुआवजा



**दुर्ग।** अनुभाग दुर्ग अंतर्गत पावरग्रिड रायपुर पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड, कार्यालय मेड़ेसरा तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा 400 केवी डबल सर्किट रायपुर पुल-धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया जारी है।

अनुविभागीय अधिकारी रा. से प्राप्त जानकारी अनुसार इस परियोजना के तहत तहसील दुर्ग के अंतर्गत कुल 19 ग्राम ननकट्टी, झेंझरी, डांडेसरा, ढाबा, भेडसर, नगपुरा, गनियारी, रसमड़ा, थनौद, चंगोरी, कोनारी, कुथरेल, भानपुरी, पाउवारा, जंजगिरी, मातरोडीह, कातरो, मचान्दुर एवं घुघसीडीह के कुल 971 कृषकों की भूमि प्रभावित हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुसार प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा वितरण हेतु कुल 4,61,88,017 की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक 407 कृषकों को 2,51,70,904 का भुगतान किया जा चुका है। शेष प्रभावित कृषकों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही निरंतर जारी है। सभी पात्र कृषकों को शीघ्र ही उनकी भूमि का समुचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## तीन सटोरिए से 20 हजार जब्त

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम। 112 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम मचादूर चौकी मचादूर उतई निवासी धन सिंह देवांगन, ग्राम सिरसा कला थाना पुरानी भिलाई धर्मेंद्र कुमार ठाकुर,शत्रुहन साहू को गिरफ्तार किया गया है। ग्राम सेलूद बजरंग चौक किरण टेलर दुकान पर संचालक धन सिंह देवांगन सट्टा पट्टी लिख रहा था। आरोपी मोबाइल वाट्सअप के माध्यम से सट्टा पट्टी ,सट्टा की रकम को धर्मेंद्र ठाकुर को भेजता था। धर्मेंद्र ठाकुर मोबाइल व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा लिखते पाया गया।

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक की 27 जुलाई 2025 को आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम के आधार पर वरीयता क्रम अनुसार पात्र अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड परीक्षण हेतु सूची आबकारी विभाग की वेबसाइट एक्साईज डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड की गई है।

### करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत

**भिलाई।** क्रेन में अचानक करंट प्रवाह होने से कर्मी के चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि छावनी पटेल निवासी नवल पटेल 25 वर्ष साल भर से जामुल स्थित स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में काम कर रहा था। क्रेन में बिजली का तार संपर्क में आ गया। जहां कर्मी नवल काम कर रहा था। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने स्वास्तिक इंजीनियरिंग प्रबंधन पर पहुंचे। जहां नवल के मौत पर प्रबंधन ने मुआवजा और मेडिक्लेम देने का आश्वासन दिया। कंपनी के द्वारा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चूक होने का आरोप भी लगाया है। हादसे ने पटेल परिवार का बेटा छिन लिया। जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। करंट कैसे लगी जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पेंशनर महासंघ का वार्षिक अधिवेशन 15 को

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला इकाई का वार्षिक अधिवेशन सह दीपावली मिलन समारोह 15 नवम्बर शनिवार को केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण मीनाक्षी नगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। संगठन के जिला ईकाई अध्यक्ष बी के वर्मा ने बताया है कि आयोजन चार सत्रों में होगा, जिसमें प्रथम सत्र में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रमुख दंडीस्वामी डॉ इंदुभवानंद महाराज का मनुष्य जीवन की सार्थकता विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन होगा। द्वितीय सत्र में खेलकूद गतिविधियां तथा तृतीय सत्र में 4 से 4.45 बजे तक मंचीय कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, अध्यक्षता बी के वर्मा संभागीय अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि के रूप में वीरेंद्र नामदेव प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। चौथे सत्र में 4.45 बजे से जिला इकाई अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होगा ।इस हेतु दिनेश वर्मा अधिवक्ता दुर्ग को निर्वाचन अधिकारी तथा डी पी दिल्लीवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। तीन वर्ष के अल्प काल में ही भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला इकाई के 326 सदस्य बन चुके हैं।

### तीन सटोरिए पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 5 क्रास स्ट्रीट 4 मंच के पास युवकों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सट्टापट्टी लिख रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर जुनवानी खम्हरिया रोड स्मृति नगर निवासी घनश्याम सोलंकी ,सेक्टर 04 सड़क 21 ब्लॉक 08/बी भिलाई मनोज मेश्राम, शांति नगर सड़क 6 संजय सेनापति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियो के पास से पुलिस ने 7 हजार 3 सौ रुपए, तीन मोबाईल, सट्टापट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया है।

### कैम्प-1 मंदिर में श्रीराम कथा आज से

**भिलाई।** संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प-1 भिलाई के में 14 से 22 नवंबर तक श्रीराम कथा आयोजित है। आयोजक आचार्य पं. ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में अयोध्या धाम के श्री श्री 108 संत दामोदर महाराज के मुखारविन्द से दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।

---

प्रवचन : भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले संसार का ज्ञान होना चाहिए

# संसार का वास्तविक स्वरूप जानने पर ही संभव है भगवत प्राप्तिः स्वामी श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 7वे दिन पूज्य स्वामी ने संसार के वास्तविक स्वरूप का वर्णन किया।

हमको किसको सुख देना होगा? शरीर या आत्मा ? आत्मा को सुख देने से हमको अनंत आनंद मिलेगा। पहले तो ये दृढ़ होना चाहिए कि हम आत्मा है। जब हम अपने को आत्मा मानेंगे तभी फिर आत्मा को सुखी बनाने का लक्ष्य बनाएंगे। हम जो आनंद चाहते हैं, वह शरीर का विषय नहीं, आत्मा का विषय है। इसलिए जितना भी भौतिक पदार्थ दे दीजिए, इससे आत्मा सुखी नहीं होगा। क्योंकि आत्मा भौतिक विषय नहीं, वह दिव्य है।

शरणागति का कुछ अंग है। अपने शरण्य का सदा अनुकूल चिंतन करना है, प्रतिकूल चिंतन कभी नहीं करना है। अपने आपको हरि–गुरु को धरोहर रूप में सौंपना–मैं आपका हूं। सब कुछ देकर भी अहंकार नहीं करना। भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले संसार का ज्ञान होना चाहिए। भगवान को प्राप्त करने के लिए भगवान को जानना होगा और भगवान को जानने के लिए संसार को जानना होगा। भगवान को कैसे जानेंगे। जब हमारे भीतर अटूट श्रद्धा होगी। श्रद्धा की उत्पत्ति कैसे होगी जब संसार से वैराग्य होगा और संसार से वैराग्य कब होगा। जब हमको संसार का परिज्ञान हो जाएगा, जब हम संसार को जान लेंगे, तभी हम संसार से विरक्त होंगे। तभी हमारा मन भगवान में लगेगा, तभी भगवान के प्रति श्रद्धा होगी, तभी हम उसको जानेंगे। इसलिए संसार को जानना बहुत आवश्यक है।

कुछ लोगों का कहना है कि उन्होंने संसार को जान लिया। यदि संसार को जान लिया होता तो कब का वैराग्य हो गया होता। अनंत जन्म प्रयास करते हुए भी अभी तक हमनें संसार को जाना नहीं। तो संसार का परिज्ञान आवश्यक।

### भगवत प्राप्ति का क्रम क्या है ?

पहला संसार को जानना दूसरा संसार से वैराग्य होना–तीसरा श्रद्धा होना चौथा महापुरुष का मिलन और महापुरुष की शरणागति, फिर पांचवा भजन क्रिया, छट्टा अनर्थ की निवृत्ति, सातवां निष्ठा, आठवां रुचि, नवां आसक्ति, दसवां भाव, ग्यारवां प्रेम, बारवां भगवत प्राप्ति। अभी हम पहली सीढ़ी भी पार नहीं किए। संसार का परिज्ञान नहीं हुआ है। इसलिए अभी तक संसार से वैराग्य नहीं हुआ।

**संसार से मन हटेगा कब :** जब इस मन में ये बात बैठ जाएगा कि जिस सुख का खोज मैं अनादिकाल से कर रहा हूं, वो परमानंद, वो परम सुख संसार में नहीं है। जब यह समझ में आ जाएगा मन को, बस तुरंत विरक्त हो जाएगा मन संसार से।

---

# जिपं बैठक में विकास कार्यों एवं धान खरीदी की तैयारियों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत बालोद के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज आयोजित सामान्य सभा की बैठक में राज्य में 15 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अलावा धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव महोत्सव के आयोजन के तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर राज्य शासन द्वारा जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत 10 नए मार्गों की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि ये सभी नवीन स्वीकृत सड़क जिले में बारहमासी आवागमन की सुविधा प्रदान कर जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इसके अलावा बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में खनिज विभाग, खाद्य विभाग, जिला विपणन, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी विभाग, खजिन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भारतीय खाद्य निगम विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

---

# पहले काबिज दुकानें हटाएं, फिर करें निगम किराया और टैक्स की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आकाशगंगा सब्जी मंडी व्यवसायियों ने की मांग



भिलाई नगर निगम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी के व्यापारियों को चबूतरों का किराया और टैक्स की वसूली करने नोटिस जारी की गई है। इसके बाद से मंडी के व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया है। व्यापारियों का आरोप है कि वो काफी समय से मंडी में बेजा कब्जा कर संचालित की जा रही अस्थाई दुकानों को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन निगम उस पर ध्यान नहीं दे रहा है। पहले निगम उन दुकानों को हटाने की कार्रवाई करे उसके बाद आगे की प्रक्रिया करे।

सब्जी मंडी के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह का कहना है कि आकाश गंगा सब्जी मंडी को थोक सब्जी मंडी के रूप में 1992 में बसाया गया था। यहां कई एकड़ की पार्किंग भी दी गई थी, लेकिन बाद में निगम ने उस जमीन को कांप्लेक्स बनाने के लिए आवंटित कर दिया। इससे सब्जी लेकर आने वाले ट्रक मंडी के बाहर सड़क पर पार्क हो रहे हैं। मंडी के अंदर कुछ ट्रक आने की जगह बची थी वहां भी कुछ व्यापारियों ने कब्जा करके बांस बल्ली व तिरपाल डालकर अस्थाई दुकान बना ली है। इससे ट्रकों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इससे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

---

# ग्रामीण साहू समाज में नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

■ समाज सेवा मेरा कर्तव्य और सौभाग्य : उपाध्यक्ष



विगत दिनों स्थानीय कलंगपुर ग्रामीण साहू समाज मे नये पदाधिकारियों का गठन किया गया। जिसमे नारायण चंदन को सर्वसम्मति से दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। जिसमे हरीश कुमार कुल्हारे ने जीत हासिल कर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

इन सभी नव गठित ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों का स्थानीय माता कर्मा भवन मे 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज गुण्डरदेही दिलीप कुमार कुल्हारे, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज झग्गर सिंह साहू, उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू लता ज्ञानेश्वर साहू समाज के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष नारायण चंदन ने शपथ लेते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने व समाज हित मे कार्य करने के लिए हमेशा अग्रसर रहूंगा साथ ही हम सब एक साथ मिलकर समाज को नई दिशा देंगे। हमारा समाज पूरे प्रदेश मे ही नहीं बल्कि भारत देश मे सर्वश्रेष्ठ रहेगा। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष हरीश कुमार कुल्हारे ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा आप सबके विश्वास और स्नेह से मुझे समाज सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है यह मेर लिए गौरव के साथ साथ समाज सेवा का उत्तरदायित्व भी है आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं और समाज को मर्यादा एकता और सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए हमेशा समाज हित मे कार्य करुंगा।

कार्यक्रम का संचालन सचिव परिक्षेत्रीय साहू समाज गोपी राम साहू एवं आभार व्यक्त संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर कुशल राम साहू ने किया। इस अवसर पर संरक्षक सुखचरण साहू, उपाध्यक्ष हर्षा साहू, उपसरपंच व संगठन सचिव भुवनेश्वरी साहू, सुफल कुल्हारे, कोषाध्यक्ष इन्द्र कुमार, सचिव विरेन्द्र कुंवर, सदस्य गण राघवेंद्र, संजय साहू, अश्वनी साहू, लोकेश साहू, वकील चंदन, शशी साहू, घनाराम साहू, धनी राम, मंथीर साहू सहित ग्रामीण साहू समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

---

# सीएसपीडीसीएल कर रहा महिला के मौलिक अधिकारों का हनन, कई कार्यालयों में अलग से महिला शौचालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



एक तरफ केंद्र सरकार स्वच्छ भारत मिशन चलाकर स्वच्छता का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) अपने कार्यालयों में महिला और पुरुष कार्मचारियों के लिए अलग-अलग टॉयलेट की व्यवस्था नहीं करा पा रहा है। सबसे बुरा हाल दुर्ग संभाग का है। यहां के सब स्टेशन में या तो टॉयलेट ही नहीं है और जहां हैं वहां एक ही कॉमन टायल बनाया गया है। इससे यहां काम करने वाली महिला कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है।

एक महिला कर्मचारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि पूरे प्रदेश में चेयरमैन, प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता के जैसे बड़े अधिकारियों के बैठने वाले कार्यालयों में अच्छी व्यवस्था है। वहां अलग-अलग महिला और पुरुष के लिए टॉयलेट बने हुए हैं। लेकिन जोन और सब डिवीजन ऑफिस में यह व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है, जबकि वहां भी महिला कर्मचारी काम कर रही हैं। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना

### बिना टॉयलेट के ही संचालित हो रहा कार्यालय

बिजली विभाग के कर्मचारी नागेश्वर राव ने बताया कि मुरमुंदा वितरण केंद्र, कुम्हारी उप संभाग, अहिवारा संभाग पिछले तीन साल से बिना शौचालय के संचालित हो रहे हैं। यहां काम करने वाले पुरुष कर्मचारी किसी तरह बाहर चले जाते हैं, लेकिन महिला कर्मचारियों को कई कई घंटे इसे रोककर रखना पड़ा है। इससे उनके इंटर्नल आर्गन्स में समस्या हो रही है।

### ये कार्यालय सिर्फ एक टॉयलेट के भरोसे

राव के मुताबिक उतई सब डिवीजन, रिसाली जोन, भिलाई टाउन जोन, नेहरू नगर जोन, कोहका जोन, भिलाई चरोदा जोन, वैशाली नगर जोन, पाटन उप संभाग, सेलूद उप संभाग और सुपेला उप संभाग सहित बालोद संभाग, साजा संभाग, बेमेतरा संभाग के वितरण केंद्र और सब डिवीजन कार्यालय में आउट सोर्सिंग और कर्मचारी अधिकारी हैं। इसके बाद भी ये कार्यालय सिर्फ एक कॉमन टायलेट के भरोसे ही संचालित हो रहे हैं।

### हर सब डिवीजन में 3-4 महिला कर्मचारी



सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर (शहर), रायपुर (ग्रामीण), बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर सहित 8 रीजन में विभाजित होकर संचालित हो रहा है। पूरे प्रदेश भर में 16-17 हजार रेगुलर और आउटसोर्सिंग कर्मचारी अधिकारी काम कर रहे हैं। इसमें 4-5 हजार महिला कर्मचारी हैं। सबसे अधिक डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्ट में महिला कर्मचारियों को रखा जाता है। नियम के मुताबिक एक सब डिवीजन में 7 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की पोस्ट है।

### कुम्हारी उप संभाग का बुरा हाल

कुम्हारी उप संभाग की बात की जाए तो यहां एक महिला कनिष्ठ यंत्री, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर, एक आउट सोर्सिंग डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक महिला दफ्तरी के पद सहित 4 महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। लेकिन इनके लिए अलग से टायलेट की व्यवस्था नहीं है।

### कई-कई घंटे नहीं जाती हैं टॉयलेट

एक महिला कर्मचारी ने बताया कि उन्हें लगभग 8 घंटे की ड्यूटी के दौरान कार्यालय में रहना पड़ता है। ऑफिस में एक कॉमन टॉयलेट होने से उन्हें वहां जाने में शर्म महसूस होती है। इसके चलते वो कई कई घंटे अपनी शंका को रोककर रखती हैं। जब बर्दाश्त से बाहर हो जाता है तो अपनी दूसरी महिला सहकर्मी को साथ लेकर जाती हैं, जिससे वो टॉयलेट के बाहर खड़ी रहती है, ताकि कोई पुरुष कर्मचारी धोखे से वहां ना आ जाए। काफी देर तक शंका रोककर रखने से उनके इंटर्नल ह्यूमन आर्गन डैमेज हो रहे हैं।

### सभी जगह महिला टॉयलेट बनाने दिए गए हैं निर्देश

जिस कार्यालय में भी महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां सभी जगह महिला और पुरुष शौचालय अलग अलग हैं। जहां नहीं हैं वहां जल्द से जल्द टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। **- संजय खंडेलवाल**
मुख्य अभियंता, सीएसपीडीसीएल दुर्ग

---

# जिला शिक्षा विभाग ने बनाई जांच कमेटी, आज आएगी रिपोर्ट, लापरवाह शिक्षकों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले के एक सरकारी स्कूल में नाबालिग छात्र पर हुए प्राणघातक हमले के मामले को जिला शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी ने इस घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जांच रिपोर्ट गुरुवार शाम तक आने की संभावना है। रिपोर्ट के बाद लापरवाही बरतने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की जाएगी। अब जिला शिक्षा विभाग की जांच से यह तय होगा कि आखिर गलती कहां हुई। उल्लेखनीय है कि सोमवार को सेक्टर-7 स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 9वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने अपने 17 वर्षीय साथी छात्र पर धारदार कटर से हमला कर दिया था। हमले में घायल छात्र के शरीर पर करीब 30 टांके लगे हैं। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई थी। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने घायल बच्चे को अस्पताल भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की। एम्बुलेंस तक नहीं बुलाई गई। पिता को खुद अपने टेम्पो से बेटे को जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाना पड़ा। इस लापरवाही से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने मंगलवार को स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन किया था। उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल पर कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग करते हुए धरना दिया था। मौके पर पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के आश्वासन के बाद घायल छात्र के आक्रोशित परिजन वापस लौट गए थे।

### सभी स्कूलों में छात्रों के बैग की होगी तालाशी

आत्मानंद स्कूल में नाबालिग छात्र द्वारा साथी छात्र पर किए गए जानलेवा हमले के बाद जिला शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। इस घटना के बाद जिले के सभी स्कूलों के प्राचार्यों को छात्रों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्कूलों में अब बच्चों के बैग की नियमित जांच की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्कूल में मुख्य गेट एक बार बंद हो जाने के बाद न तो छात्रों को अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षक-शिक्षिका को। स्कूलों में अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अगर किसी शिक्षक या शिक्षिका द्वारा लापरवाही बरती जाएगी तो उन पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

---

दो आधुनिक ड्रोन का सफल परीक्षण, ट्रैफिक, आपदा और अपराध रोकने होंगे सहायक

# दुर्ग प्रदेश में पहला जिला जहां ड्रोन से होगी निगरानी, नियमित रूप से होगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



पुलिस के दो आधुनिक ड्रोन से जिले की निगरानी में बड़ा कदम साबित होगा। इससे जिले की पुलिस अब और भी हाईटेक हो जाएगी। इसका परीक्षण दुर्ग पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे। प्रदेश का पहला दुर्ग जिला होगा जो ड्रोन यूनिट होगा। छोटे और मध्यम श्रेणी के ये दोनों ड्रोन अब जिले की निगरानी, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक निगरानी, तलाशी अभियान और आपदा के लिए बहुत काम आएगा। मिली जानकारी के मुताबिक इन ड्रोन में कई प्रमुख क्षमताएं और विशिष्टताएं है। निगरानी सीमा लाइव वीडियो के लिए 5 किलोमीटर तक है, जो बैटरी और मॉडल के आधार पर 5 से 15 किलोमीटर तक हो सकती है। इनमें 4 के रेजोल्यूशन वाला जूमिंग लेस कैमरा लगा है, जिससे ऊंचाई से भीड़ और गतिविधियों की स्पष्ट देखा जा सकता है। उड़ान का समय 25 से 30 मिनट है, जो बैटरी के प्रकार पर निर्भर करता है। कुछ मॉडलों में यह क्षमता 30 से 55 मिनट तक भी हो सकती है। आईआईटी रोपड़ और बीपीआरडी द्वारा पंजाब में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में आईजी रामगोपाल गर्ग भी शामिल रहे। अफसरों ने हाल ही में एंटी-ड्रोन तकनीक में भी ट्रेनिंग ली है। परीक्षण में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी, एसआई डॉ. संकल्प रॉय, लाइन निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, आरक्षक प्रशांत शुक्ला मौजूद थे।



### ड्रोन में ऑटोनॉमस मैनुअल नियंत्रण भी

ड्रोन की पेलोड क्षमता 25 किलोग्राम तक सामान ले जाने की है, जिसमें ड्रॉपिंग मैकेनिज्म और ग्रेनेड,सर्चलाइट माउंटिंग की संभावना भी है। ये पूरी तरह से ऑटोनॉमस और मैनुअल नियंत्रण दोनों मोड में संचालित हो सकते हैं। कम शोर सिग्नेचर और पॉइंट-टू-पॉइंट एनक्रिप्टेड संचार की सुविधा है। सुरक्षा के लिए, कम बैटरी या संचार हानि होने पर ये वापस लौटने की क्षमता रखते हैं। इनकी आईपी 65 पैकिंग है और ये 10°C से +50°C तक के तापमान में काम कर सकते हैं।


### अपराध नियंत्रण को मजबूत करना

ड्रोन का मूल उद्देश्य अग्रिम टीम भेजने से पहले स्थितियों की निगरानी करना, भीड़ नियंत्रण के दौरान संदिग्धों की शिनाख्त करना और अपराध नियंत्रण को मजबूत करना है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से अपराध की रोकथाम और घटना-आधारित अपराधों का पता लगाने में काफी मदद मिलेगी।

- राम गोपाल गर्ग,
आईजी

---

### अशोक बने तहसील साहू संघ पाटन के सलाहकार



**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू को संघ का सलाहकार मनोनीत किया गया है। गौरतलब है कि अशोक साहू ने कांग्रेस पार्टी से दो बार दक्षिण पाटन क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर जनसेवा की है। श्री साहू ने जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू, संरक्षक अश्वनी साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाई के सभी पदाधिकारियों व शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### बोरगहन स्कूल में न्योता भोज कराया गया

**बालोद/कलंगपुर।** गुरुवार को ग्राम बोरगहन निवासी गणेश राम पाड़े ने अपना 58 वें जन्मदिन की खुशी स्कूल के छोटे छोटे बच्चों के साथ मिलकर मनाया। इस अवसर पर गणेश राम पाड़े के पुत्र राजेश कुमार एवं योगेश्वर लाल पाड़े ने अपने पिता की जन्मदिन की खुशी पर स्थानीय प्राथमिक शाला बोरगहन के सभी स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान बच्चों को न्यौता भोज मे खीर, पुड़ी, चांवल, दाल व हरी सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक ओमशंकर निषाद, खेमलाल साहू, मेघा अग्रवाल संहित गणेश पाड़े के परिजन उपस्थित थे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद द्वारा राज्य वीरता पुरस्कार 2025 हेतु बालोद परिक्षेत्रंतर्गत निवासरत बालक–बालिकाओं से राज्य वीरता पुरस्कार हेतु 20 दिसंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होने के साथ आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त दर्शित कार्यालयों से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### लाठी प्रशिक्षण शिविर में सीखे आत्मरक्षा के गुर



**भिलाई।** संकल्प जन सेवा समिति और लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा लाठी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संकल्प जन सेवा समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तक नर्मदा मैदान सुरसुली देवरी में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 10 से 30 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भारतीय पारंपरिक मार्शल आर्ट लाठी को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, फिटनेस, आत्मरक्षा, संस्कृति एवं खेलों के माध्यम से करियर निर्माण के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया गया।शिविर में 81 प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सिखाई गईं, जिनमें विनय यादव, भगत सिंह, योगेश्वर मानिकपुरी और महिला प्रशिक्षिका अंजना राजवीर सिंह द्वारा लाठी की तकनीकी और आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन किया गया।

## प्रवचन

**राजा बलि ने वामन रूप प्रभु के चरण वंदन से पाया अमरत्व, जीवन में विनम्रता अपनाने का संदेश**

# विनम्रता से हर कार्य सिद्ध होता है, विनम्र बने- संत श्री निरंजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छ. ग. में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मेंसाहू परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में त्रैलोक्य अधिपति होकर भी राजा बलि ने विनम्रता को धारण कर वामन रूप प्रभु का चरण वन्दन कर विजय को प्राप्त कर लिया, इसलिए जीवन मे विनम्र बने, विनम्रता मानव जीवन का आभूषण है। जैसे फलदार वृक्षों की डालियां झुकी रहती है वैसे ही ज्ञानी पुरूष की वास्तविक पहचान उसके विनम्र व्यवहार से प्राप्त होता है, जो जितना ही विद्वान होगा वह उतना ही विनम्र और सरल



होगा क्योंकि विद्या विनय प्रदान करती है और याद रखे सहजता में ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है असहजता में नही। श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन और वामन अवतार कथा पर आध्यात्मिक भावाभिव्यक्ति करते हुए प्रवचनकर्ता छत्तीसगढ़ के यशस्वी संत सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज जी श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। परायणकर्ता पं. परमेश्वर महाराज ग्राम लिमतरा संत श्री जी ने आगे कहा मानव जीवन का सबसे बड़ा जहर कटु वचन है इस जहर को त्याग कर सभी के लिए मीठे वचनों का प्रयोग करे । शस्त्र का घाव दवाई लगाकर ठीक किया जा सकता है लेकिन वाणी का घाव जीवन भर मिटने वाला नही है इसलिए कुछ भी किसी को बोलने से पहले सोच ले कि ये शब्द सुनने वाले के लिए उपयुक्त है कि नही। शास्त्रों में वाणी के पंच आभूषण बताया गया है, सत्य बोलना, हितकारी बोलना, विवाद रहित बोलना, मीठा बोलना,अल्प बोलना ये पंच आभूषण वाणी के है इसे हर जीव को धारण करना है तभी जीवन का द्वंद समाप्त होगा।

### सागर मंथन कथा में मिला जीवन का संदेश

संत श्री ने सागर मंथन की कथा पर भाव वर्णन करते हुए कहे कि जीवन का मंथन करना है, मन को मन्दराचल पर्वत, संसार सागर है विचारों से मंथन हो,मन रूपी पर्वत को डूबने से बचाने हेतु कूर्म रूप भगवान का ध्यान करे। जीवन मे जब तक ध्यान नही है तब तक मंथन सम्भव नही है। सत्कर्म प्रदर्शित करने की नही अपितु छिपाने की है अपने अंदर के दुर्गुणों का बखान करे सद्गुणों का नही।

### भागवत कथा स्थल में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ शासन

जीवन के समस्त विकारों को दूर करने के लिए भागवत की कथा श्रवण आवश्यक है जीवन को परिलक्षित कराती है भागवत कथा की अमृत मय वाणी। मानव का जीवन प्रभु प्रदत्त एक व्यवस्था है निर्माण हमारा कर्तव्य है। प्रतिदिन सल्दालु जनों की संख्या बढ़ती जा रही है। उक्त जानकारी आयोजक हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू, नीलम साहू ने दी।

# कोटेरा स्कूल में बीएड प्रशिक्षणार्थियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटेरा में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों का ससम्मान विदाई एवं न्योता भोज कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिवार एवं प्रशिक्षणार्थियों के संयुक्त आयोजन ने इस विदाई समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख भोलाराम साहू, संकुल समन्वयक टोमन मालेकर, सहायक शिक्षक रवि कुमार मंडावी, राजेश कुमार, शिक्षक उमा देवी गोरे, लीतेश कुमार देवांगन, टी. आर. ठाकुर एवं दुर्गेश्वरी यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों में डोमेन्द्र कुमार साहसी, अनिल कुमार मानकर, धर्मेंद्र कुमार पटेल, मोहित गिरी, नोमेश्वरी भौषार्य, कविता भुआर्य, रवि शंकर निषाद तथा रविंद्र कुरेटी का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। विदाई के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विद्यालय परिवार के लिए न्योता भोज का स्वादिष्ट आयोजन किया गया। जिसमें खीर, पुरी, पापड़, व्यंजन परोसे गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख भोलाराम साहू एवं संकुल समन्वयक टोमन मालेकर ने कहा आप सभी भविष्य में एक आदर्श शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा देंगे, यही हमारी मंगलकामना है। विदित हो कि श्री राम शिक्षा महाविद्यालय ठाकुर टोला के बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के शिक्षण अनुभव हेतु विभिन्न शासकीय विद्यालयों में भेजा गया था। कोटेरा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापन कार्य संपन्न करने के बाद उनका यह विदाई समारोह आयोजित किया गया।

# जनजाति गौरव दिवस की तैयारी को लेकर कार्यशाला आयोजित

## जनजाति समाज की समस्याओं और संगठन की भूमिका पर हुई विस्तृत चर्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

जनजाति मोर्चा जिला बालोद के तत्वधान में जनजाति गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाने के लिए जिला कार्यालय बालोद में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

- महाविद्यालयों, छात्रावासों और ग्राम पंचायतों में चलेंगे स्वच्छता व जागरूकता अभियान

जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ देवेन्द्र महला एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य थानसिंह मंडावी ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाने के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा महाविद्यालय, हायर सेकंडरी स्कूल, छात्रवासों, ग्राम पंचायतों, चौक चौराहों महापुरुषों की मूर्ति पर रंग रोगन व स्वच्छता अभियान चलाकर जनजाति महापुरुषों की जीवन शैली पर वृतांत बताए जाएगा।

कार्यशाला में राजनीतिक दृष्टि से संगठन में सदस्यों की उपयोगिता व भूमिका के साथ जिले में जनजाति समाज की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। जनजाति मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने आदिवासी विकास जिला बालोद के आयुक्त से मिलकर विभिन्न क्षेत्रें में जनजाति गौरव दिवस मनाने के सम्बन्ध में बात चित कर ध्यान आकृष्ट कराए एवं 15 नवम्बर को जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस मनाया जावेगा। इस कार्यशाला में विशेष रूप से प्रदेश जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र महला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य थानसिंह मंडावी, जिला कार्य समिति सदस्य पालक ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष राम लाल नायक, जनजाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष दिलीप कुमार मंडावी, योगेश्वर सिवना, जनपद सदस्य किरण तारम, मोर्चा उपाध्यक्ष डालसिंह मंडावी, खिलेश्वर पोटाई सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सदस्यगण उपस्थित थे।

### छग की संस्कृति पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में पायल का शानदार प्रदर्शन

**बालोद/अर्जुन्दा।** अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव 2025–26 के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता जिसका विषय छत्तीसगढ़ की संस्कृति था का आयोजन खालसा महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें अर्जुंदा महाविद्यालय की पीजीडीसीए की छात्र पायल निषाद ने अपनी सहभागिता दी। पायल निषाद ने वर्ष 2024 में क्राइस्ट विश्वविद्यालय बैंगलुरु में आयोजित 34वें साउथ ईस्ट जोन फेस्टिवल में हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था।



# धान खरीदी पर संकट, कर्मचारियों की हड़ताल से किसानों में असमंजस


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ की जा रही है किंतु समिति कर्मचारियों द्वारा हड़ताल में चले जाने से धान खरीदी प्रभावित

- किसानों ने 'तुंहर टोकन' ऐप से किया पंजीयन, 15 नवंबर को खरीदी बंद रहने से बढ़ी चिंता

होने की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है तो वही किसानों द्वारा धान बेचने के लिए किसान – तुंहर टोकन एप के जरिए टोकन काटने का प्रयास किया गया जो गुरुवार को टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से देखा गया। किंतु किसानों ने बताया कि एप्स में 15 नवंबर को धान खरीदी की मात्र दिखाया गया। जिसके चलते किसानों द्वारा 15



नवंबर से 21 नवंबर के दिनांक तक टोकन काटा गया है लेकिन किसानों द्वारा बताया गया कि शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिन को छोड़ धान खरीदी की जाएगी।

आपको बता दें कि राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए टोकन तुंहर द्वारा एप्स के माध्यम से ऑनलाइन किसानों के लिए सुविधा दी गई है लेकिन 15 नवंबर को शनिवार पड़ रहा है, जिसमें धान नहीं खरीदने का निर्देश एप्स में दिया गया है। अब आलम यहां है कि जो किसान 15 नवंबर को ऑनलाइन टोकन काट चुके हैं वह किसान धान कब बेचेंगे।

# नपं चैनगंज में मुक्तिधाम विकास कार्य का किया भूमिपूजन

## 3 लाख की लागत से मुक्तिधाम में शेड और समतलीकरण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत चैनगंज में विकास कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह कार्य मुक्तिधाम में शेड एवं समतलीकरण के लिए स्वीकृत

- अध्यक्ष प्रमोद जैन ने विकास कार्यों की समीक्षा कर ठेकेदारों को दिए निर्देश

किया गया है, जिसकी लागत 3 लाख है। चौनगंज निवासियों की बहुत पुरानी और आवश्यक मांग थी, जिसे पूरा करने की दिशा में नगर पंचायत ने कदम उठाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद रोमलाल यादव, पार्षद सेवक महिपाल व चौनगंज के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



भूमि पूजन के बाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में ठेकेदार विनय गुप्ता, साकेत साहू, दीपेश जैन, भावेश ठाकुर, नलिनी मिश्रा, और तामेश्वर चंद्राकर शामिल हुए। अध्यक्ष जैन ने प्रारंभ न किए गए कार्यों को तत्काल शुरू करने का निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहाष्विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों ने मुक्तिधाम बघमरा, जनपद रोड स्थित बाल उद्यान, वार्ड नंबर 8 स्थित सतनाम भवन, अटल परिसर, और 52 लाख रुपए के फुटपाथ निर्माण जैसे कार्यों के टेंडर लिए हैं, उन्हें 7 दिन के भीतर कार्य शुरू करना होगा। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने ठेकेदारों को दो टूक कहा तत्काल प्रभाव से 7 दिन के भीतर कार्य शुरू करें, अन्यथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा और कार्य को निरस्त करते हुए उसका नया टेंडर जारी किया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 3 करोड़ का एक नया प्रस्ताव स्वीकृति हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के पास भेजा गया है। इस महत्वाकांक्षी प्रस्ताव में गुण्डरदेही के सभी वार्डों में सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली, तालाब सौंदयऍकरण, और खेल मैदान के निर्माण की योजना शामिल है।

### महान आत्माओं का संग मिलना ही सौभाग्य की बात : बीके विजया

**भिलाई।** ब्रह्माकुमारीज के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया। जिसमें अहमदाबाद के शाही बाग में स्थित सर्च लाइट सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी विजया बहन, धनवंती बहन, लता बहन कानाडा टोरंटो, नेहा बहन मुम्बई और कन्नू इस आध्यात्मिक समागम में उपस्थित थे।




# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर ब्लाक कांग्रेस की हुई बैठक





**गुरूर।** गुरुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में मतदान सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिये बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के एसआईआर प्रभारी केके.राजू उपस्थित थे। बैठक में बुथ लेवल एजेंट, कांग्रेस के पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजित इस बैठक में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिंह ने बूथों के बीएलए के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया। जिलाध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलए गठन का कार्य तेज़ी से पूरा किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि हर बुथ पर पार्टी की मजबूत उपस्थित सुनिश्चित करना सभी कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि किशोर साहू, कमलेश श्रीवास्तव महामंत्री शादिक अली, रोहित सागर, तोमन साहू सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

